Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in

मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 2029 / W-19 / 480 दिनांक 22-08-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः— ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 18.08.2026 को प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन से हाटा न्याय पंचायत की सड़कें जर्जरःआवागमन बाधित होने से ग्रामीण परेशान, मरम्मत का इंतजार'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर मे दिनांक 18.08.2026 को प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन से हाटा न्याय पंचायत की सड़कें जर्जरःआवागमन बाधित होने से ग्रामीण परेशान, मरम्मत का इंतजार'' शीर्षक में विकास खण्ड माण्डा के ग्राम पंचायत बेल्हा कलां एवं सोन बरसा में जर्जर सड़क पुर्नस्थापन हेतु खबर प्रकाशित की गयी है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बेल्हा कलां एवं सोन बरसा ग्राम पंचायत को जल जीवन मिशन फेज–4 अन्तर्गत सम्मिलित कर गंगा सतही ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत खोदी गयी सड़कों को पुर्नस्थापन करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, जिसका कार्य प्रगति पर है।

यहां यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन फेज–4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील मेजा एवं कोरांव के 03 विकास खण्डों (मेजा, माण्डा एवं कोरांव) के 456 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स गजा–जीएआईपीएल (JV)**. हैदराबाद द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 456 राजस्व ग्रामों को 115 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (112 MLD)-73%, एक नग WTP (90 MLD)–82%, तथा वितरण प्रणाली 4344.00 किमी० के सापेक्ष 4044.00 किमी० एवं 115 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 41 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। अवशेष कार्यों को मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।







संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4– जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज ।
5– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
6– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
7– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner